### एक नजर में

#### आरोन में मनी पूर्व पीएम अटलजी की जयंती

**आरोन।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। मंडल कार्यालय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का पुष्प मालाएं पहनाकर और श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन, देवेंद्र सिंह रघुवंशी, संजीव सोनी, प्रमोद सक्सेना, गोविंद प्रसाद शर्मा, डॉ. राजीव सिंह राजावत और श्रवण कुमार जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

#### इन इलाकों में आज 5 घंटे बाधित रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कल यानी 26 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पुराना औद्योगिक क्षेत्र, विंध्यांचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला, खेड़ापति कॉलोनी, एवन, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा और बजरंगगढ़ बायपास रोड जैसे प्रमुख क्षेत्रों की बिजली बंद रहेगी। इसके साथ ही साईधाम पार्ट-2, पत्रकार कॉलोनी, फुलवारी कॉलोनी, गोकुल सिंह का चक, ट्रांसपोर्ट नगर, चिंताहरण, आकाशवाणी केंद्र सहित ग्रामीण एवं बाहरी क्षेत्रों जैसे हिलगना, गादेर, बमोरी बुजुर्ग, हीरापुरा, सोठी और मऊगंढा में भी विद्युत प्रवाह पूरी तरह बंद रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकता और प्रगति को देखते हुए इस कटौती के समय को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें ताकि शटडाउन के दौरान उन्हें किसी बड़ी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# ध्वस्त हो गई गुना की यातायात व्यवस्था!

## ट्रैफिक पुलिस का फोकस चालान पर, नए बस स्टैंड और पार्किंग स्थल तय नहीं कर पा रहे जिम्मेदार

नवभारत न्यूज

**गुना 25 दिस. का। गुना शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। न पार्किंग स्थल हैं, न ही ऑटो स्टैंड हैं और अब तो बसें भी यहां-वहां खड़ी हो रही है। जिस विभाग पर यातायात व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी है वह महज चालान काटकर राजस्व वसूली में जुटा हुआ है।**

गुना की यातायात व्यवस्था किस तरह प्रभावित हुई है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गुना एसपी अंकित सोनी को अब आपराधिक मामलों की समीक्षा के साथ-साथ यातायात पर विशेष फोकस करना पड़ रहा है। एक दिन पहले एसपी जब बजरंगगढ़ रोड से गुजर रहे थे, तब एक यात्री बस द्वारा अपनी सवारियों को मुख्य चौराहे से कुछ पहले ही उतारा जा रहा था।

गौर करने वाली बात यह है कि यह जगह जयस्तंभ चौराहे से कुछ दूरी पर ही थी, जहां आधा दर्जन से ज्यादा यातायात पुलिस के जवान चालानी कार्रवाई कर रहे थे। यह एक उदाहरण मात्र है



जो यह बताता है कि बड़े वाहन चालकों में यातायात पुलिस की कार्रवाई का भय नहीं है, केवल दो पहिया वाहन चालकों को परेशान किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। मुख्यत: यातायात पुलिस का काम शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करना है, जिस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यातायात पुलिस अब तक जिला प्रशासन को एक भी ऐसा प्रस्ताव नहीं है, जिससे यह तय किया जा सके कि शहर में कहां बस स्टैंड बनाए जा सकते हैं और लगातार बड़ी ऑटो व यात्री वाहनों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके।

#### नगरपालिका के साथ मिलकर करो प्लानिंग

यातायात पुलिस की लचर कार्यप्रणाली को देखते हुए एसपी ने स्वयं मोर्चा संभाला है। उन्होंने ट्रैफिक अमले से कहा है कि गुना में पार्किंग एक बड़ा मुद्दा है। इसका समाधान निकाला जाना चाहिए। एसपी अंकित सोनी ने अब यातायात पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वह नगरपालिका से सामंजस्य स्थापित कर पार्किंग स्थल चिन्हित करें। खासकर बस और बड़े वाहनों को नियंत्रित करने पर फोकस किया जाए।

#### एक सिग्नल, यहां भी नियमों की अनदेखी

बिगड़ेल यातायात व्यवस्था का एक और उदाहरण गुना का हनुमान चौराहा है। यह शहर का एकमात्र चौराहा है, जहां ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं और चालू हैं। इसके अलावा तेलघानी पर भी सिग्नल लगाए गए थे, लेकिन वह बंद कर दिए गए। हनुमान चौराहे पर लगे सिग्नल का पालन अधिकांश वाहन चालक नहीं करते हैं। गंभीर बात यह है कि चौराहे के एक छोर पर यातायात पुलिस के जवान निरंतर तैनात रहते हैं। लेकिन उनके सामने से वाहन चालक सिग्नल तोड़कर आगे बढ़ जाते हैं और अमला तेखते ही रह जाता है। कई बार तो टैफिक सिग्नल बंद हो जाते हैं, जिसकी वजह से चौराहे पर यातायात चारों तरफ से अनियंत्रित हो जाता है और दुर्घटना की स्थिति तक बन जाती है।

#### ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगे रोक

गुना की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का भी बड़ा योगदान है। शहर में कृषि कार्य से संबंधित कामों के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के प्रवेश पर रोक नहीं है।

इसका फायदा उठाकर कई बार व्यापारी भी अपना सामान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर शहर के अंदर लाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है।

#### ऑटो बिगाड़ रहे हैं यातायात

गुना की व्यवस्था बिगाड़ने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तीन पहिया ऑटो और बैटरी रिक्शा की बढ़ती जा रही है। एक जानकारी के मुताबिक गुना में पहले ही तीन पहिया ऑटो की संख्या 3 हजार से ज्यादा थी। अब बैटरी रिक्शा इसमें शामिल हो गए हैं। जिसकी वजह से गुना के ऑटो काफिले में बढ़ोत्तरी हो रही है। जयस्तंभ चौराहे के आसपास अस्थाई ऑटो स्टैंड की संख्या बढ़ रही है। इस इलाके में तैनात ट्रैफिक पुलिस का अमला इन्हें नई जगह उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। कई बार ऑटो चालक और प्रशासन के बीच स्टैंड को लेकर मतभेद सामने आए हैं।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का 2025वां जन्मोत्सव

**गुना।** शांति, प्रेम और सद्भाव के प्रतीक प्रभु यीशु मसीह का 2025वां जन्मोत्सव गुरुवार को गुना जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। क्रिसमस के इस पावन अवसर पर शहर के सभी गिरिजाघरों में सुबह से ही रौनक देखते ही बन रही थी। विशेष प्रार्थना सभाओं में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग शामिल हुए और विश्व कल्याण का संकल्प लिया। चौधरन कॉलोनी स्थित सेंट पीटर ईएल चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सागर से आए पास्टर डॉ. संदीप परमार्थ ने मुख्य प्रार्थना संपन्न करवाई। परंपरा का निर्वहन करते हुए चर्च में देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सभी जन प्रतिनिधियों की सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही, देश की निरंतर प्रगति और नागरिकों के बीच आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। डॉ. संदीप परमार्थ ने उपस्थित जनसमूह को प्रभु यीशु के जन्म के वृत्तांत और उनकी शिक्षाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने मानवता से प्रेम करने और दूसरों की भलाई के लिए स्वयं को समर्पित करने का संदेश दिया है। शांति और सद्भाव के लिए उनके द्वारा दी गई आहुति आज भी प्रासंगिक है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ गिरजाघरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। छात्र-छात्राओं और महिलाओं ने प्रभु यीशु को समर्पित मधुर गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। देर शाम चर्च परिसरों में प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित सुंदर झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए सभी समाजों के लोग उमड़े।

## म्याना मंडल में हिंदू सम्मेलन का शंखनाद, सौंपी जिम्मेदारियां



नवभारत न्यूज

**गुना।** आगामी विशाल हिंदू सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में ग्रामीण खंड के म्याना मंडल में एक वृहद बैठक और सम्मेलन स्थल का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत धार्मिक अनुष्ठान के साथ की गई, जिसके पश्चात आयोजित बैठक में सम्मेलन की सफलता को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंदू सम्मेलन के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श करना और समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न टोलियां बनाई गईं और उपस्थित कार्यकताओं को उनकी विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी कार्यकताओं ने सम्मेलन के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में एकता, संस्कृति तथा संगठन की भावना को सुदृढ़ करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मान विभाग संघ चालक अशोक सिंह कुशवाह, सह जिला कार्यवाह श्रीवल्लभ किरार, सह खण्ड कार्यवाह देशराज यादव एवं सह खण्ड कार्यवाह देवेंद्र रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में म्याना मंडल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं ऊजार्वान कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

#### पठार मोहल्ला में पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट

**गुना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पठार मोहल्ले में गुरुवार सुबह पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति द्वारा की गई गाली-गलौज और मारपीट की इस घटना में एक पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया है। गुरुवार सुबह 11 बजे पीड़ित सुखलाल कुशवाहा अपनी किराना दुकान से घर की ओर जा रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी भूरा कुशवाहा उसे देख कर अकारण ही गालियां देने लगा।

## निरंजन बने अखिल भारतीय कुंभकार महासंघ के तहसील अध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**मधुसूदनगढ़/गुना।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ शाखा जिला गुना द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए निरंजन प्रजापति को मधुसूदनगढ़ तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से समाज के युवाओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। निरंजन प्रजापति को तहसील अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद से ही उनके पास बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके इष्ट मित्रों, परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। समर्थकों का मानना है कि निरंजन प्रजापति के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और वे समाज हित के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

## गौशाला विवाद :नदी पर अतिक्रमण के विरोध में उतरे रहवासी, काम रुकवाया

**गुना।** पुरानी छावनी स्थित एक समाज विशेष की गौशाला की बाउंड्री वॉल के निर्माण को लेकर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को निर्माण कार्य दोबारा शुरू होते ही स्थानीय रहवासी बड़ी संख्या में लामबंद होकर मौके पर पहुंच गए और काम रुकवा दिया। विवाद इतना बढ़ा कि स्थिति को संभालने के लिए कोतवाली पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रशासन ने फिलहाल सीमांकन होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। बूढ़े बालाजी और पुरानी छावनी के बीच स्थित पुलिया के पास हो रहे इस निर्माण को लेकर रहवासियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौशाला प्रबंधन द्वारा पनरिया नदी के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। पुरानी छावनी पुलिया के आसपास रहने वाले नागरिकों के अनुसार, गौशाला के पास लगभग 6 से 7 बीघा जमीन आवंटित थी, लेकिन वर्तमान में निर्माण 10 बीघा से अधिक क्षेत्र में फैला दिया गया है। हालांकि गौशाला को कितनी जमीन आवंटित की गई थी, इसकी अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। नदी के संकरी होने से बारिश के समय जल निकासी बाधित होगी, जिससे पुरानी छावनी क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। रहवासियों ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दर्ज करा चुके थे, लेकिन काम बंद नहीं कराया गया। गुरुवार को भी विवाद के दौरान राजस्व विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंची और छुट्टी का बहाना बनाकर मामले को



टालने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है।

अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि जब तक राजस्व विभाग द्वारा विधिवत सीमांकन नहीं कर लिया जाता, तब तक कोई भी निर्माण नहीं होगा। दूसरी ओर, पुरानी छावनी के रहवासियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सीमांकन में निष्पक्षता नहीं बरती गई और नदी को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया, तो वे धरना देंगे और उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

## ग्वालियर ग्रोथ समिट में कुंभराज धनिया का जलवा, सीएम ने की सराहना

**गुना।** ग्वालियर मेला परिसर में आयोजित ह्यअभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिटह्ण में गुना जिले के प्रसिद्ध कुंभराज धनिया ने अपनी खुशबू बिखेरी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग, गुना द्वारा लगाई गई कुंभराज धनिया की स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन किया और कुंभराज धनिया की विशिष्ट गुणवत्ता, गहरे रंग, तीखी सुगंध और इसकी व्यापक विपणन संभावनाओं की जमकर सराहना की। 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के तहत यह प्रस्तुति गुना जिले की कृषि क्षमता को दशार्ने में




सफल रही। विभिन्न श्रेणियों के धनिया का हुआ प्रदर्शन स्टॉल पर राघौगढ़ विकासखंड के सोहरामपुरा ग्राम के प्रगतिशील जैविक धनिया किसान उधम सिंह लोधा और उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (बमोरी) आर.एस. केन ने कुंभराज धनिया के विभिन्न ग्रेड प्रदर्शित किए। इनमें एक्स्ट्रा ग्रीन, डबल पैरेट, सिंगल पैरेट, ईगल, स्कूटर, मार धना और धनिया दाल जैसे उत्पाद शामिल रहे, जिन्हें देखकर अतिथि और समिट में आए उद्यमी प्रभावित हुए। विभाग का लक्ष्य किसानों को बेहतर ग्रेडिंग, ब्रांडिंग और आधुनिक विपणन से जोड़ना है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उल्लेखनीय है कि कुंभराज को देश की 'धनिया राजधानी' माना जाता है। देश के कुल धनिया उत्पादन में कुंभराज का योगदान लगभग 25 प्रतिशत और मध्यप्रदेश के उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत है।

## विजेता खिलाड़ियों को मिला सम्मान, पीएम ने दिया संदेश

**गुना।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में गुरुवार को सांसद खेल महोत्सव का गरिमामय समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन के आला अधिकारियों सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। समारोह की शुरूआत में एकलव्य विद्यालय और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ के बैंड दलों ने मुख्य द्वार पर मधुर धुनें बजाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, एडीएम अखिलेश जैन, जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव और नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गीता प्रतिष्ठान के दल द्वारा गायत्री मंत्र के पाठ के साथ मंच की औपचारिक शुरूआत हुई। समारोह का सफल संचालन प्राचार्य आशीष टांटिया ने किया। प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में एसडीएम शिवानी पाण्डे, प्रभारी खेल अधिकारी दुर्गेश सक्सेना, अतुल लुंबा, साजिद मसूद, आनंद श्रीवास्तव और एकता सक्सेना सहित खेल विभाग के अनेक सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

#### दिव्यांग बच्चों की दौड़ ने जीता सबका दिल

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर दौड़ को अतिथियों ने क्लैपर बजाकर शुरू कराया, जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खेल महोत्सव के आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी सहयोगियों का आभार माना।

### पत्रकार वार्ता — सुधार और सरलीकरण की मांग को लेकर पहुंची जन-जागरण यात्रा

## ईडब्ल्यूएस की विसंगतियां दूर करने जारी है राष्ट्रव्यापी अभियान

नवभारत न्यूज

**गुना 25 दिस. का। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी) विचारधारा के सदस्यों द्वारा ईडब्ल्यूएस आरक्षण के सरलीकरण और न्यायोचित सुधारों को लेकर चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान के तहत गुरुवार को गुना में पत्रकारों से संवाद किया गया।**

संगठन की ओर से विक्रम सिंह ने बताया कि ईडब्ल्यूएस व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दूर करने और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उनका वास्तविक हक दिलाने के लिए देशभर में यात्रा की जा रही है। मध्य प्रदेश इस अभियान का चौथा राज्य है, जहाँ प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव के नेतृत्व में इंदौर से शुरू हुई यह यात्रा अब तक करीब 14 हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। गुना पहुंची टीम ने विभिन्न सामाजिक संगठनों को एकजुट करने और लोगों को ईडब्ल्यूएस के लाभ व प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




संवाद के दौरान संगठन ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2019 में लागू किए गए इस आरक्षण का उद्देश्य सामान्य श्रेणी के गरीबों का जीवन स्तर सुधारना था, लेकिन जटिल नियमों के कारण यह प्रभावी साबित नहीं हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विवाहित बेटियों की आय गणना में पति और पिता दोनों की आय जोड़ना व्यावहारिक रूप से गलत है। संगठन का तर्क है कि ऊँची जाति में जन्म लेना अमीरी की गारंटी नहीं है, इसलिए ईडब्ल्यूएस व्यवस्था का सरलीकरण अनिवार्य है। करणी सेना ने सरकार से मांग की है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए और सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में 5 वर्ष की आयु छूट व अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाएं। इसके साथ ही संगठन ने शिक्षक भर्ती 2018 के चयनित 848 अभ्यर्थियों को तुरंत नियुक्ति देने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की वैधता बढ़ाकर 3 वर्ष करने और आरटीई के तहत निजी व सरकारी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दिलाने की मांग उठाई है। उनकी प्रमुख मांगों में निकाय व पंचायत चुनाव में अवसर सुनिश्चित करना और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में भी कैरी फॉरवर्ड व बैकलॉग व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में संशोधन करना शामिल है।

करणी सेना के पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें ताकि केंद्र सरकार इन मांगों पर विचार कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को न्याय दिला सके।

## संगठन सृजन के तहत नियुक्त हुए पदाधिकारियों का आरोन में हुआ स्वागत

**आरोन।** संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में आरोन तहसील के अनुभवी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। निर्णय के अनुसार गुना शहर कांग्रेस प्रभारी के रूप में आवेद खान तथा गुना ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी के रूप में पंडित शिवकुमार उपरिंग को नियुक्त किया गया है। वहीं आरोन से राजगढ़ प्रभारी बनाए गए मेहरबान



सिंह की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त प्रभारियों का गुना जिले की कार्यकर्ता एवं आरोन ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रभारियों ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और कार्यकताओं को साथ लेकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

आरोन ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को नई दिशा देने का कार्य किया गया है।

## संस्कार केंद्र के बच्चों को बांटे ऊनी कपड़े

**गुना।** सुफलाम सेवा न्यास इंदौर के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने सेवा भारती संस्कार केंद्र गोपालपुर गुना में एक सेवा कार्य का आयोजन किया। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में संस्कार केंद्र के छात्र-छात्राओं को निशुल्क ऊनी कपड़ों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़े भेंट किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया। इस अवसर पर डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, संजय राठी, बसंत खरे, डॉ राहुल रघुवंशी, गौरव अंजान, रोहित सुमन एवं मोहल्ला के अन्य प्रतिष्ठित नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बसंत खरे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इन उपहारों से बच्चों में एक नया उत्साह पैदा हुआ है।

कार्यक्रम के अंत में संस्कार केंद्र की दीदी मिथुन कुशवाहा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों और रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया गया।